न्यायालय उपखण्ड अधिकारी धौलपुर

पीठासीन अधिकारी –डॉ0 साधना शर्मा, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्या –77 / 2024 जीसीएमएसः– 2024 / 214

उनवानः–

1. कम्पूरी देवी पुत्री चोबसिंह जाति गुर्जर निवासी गुर्जर कॉलोनी धौलपुर
2. कीर्तिसिंह पुत्र रामलाल जाति गुर्जर निवासी कॉलोनी वार्ड नं0 06 धौलपुर
3. पवन सोनी पुत्र दामोदर जाति सुनार (सोनी) निवासी मकान नं0 126 रस्तोगी गली सब्जी मंडी कोठी धौलपुर
4. ममता पत्नि कीर्ति सिंह जाति गुर्जर निवासी कॉलोनी वार्ड नं. 6 धौलपुर
5. हरिओम गुर्जर पुत्र जण्डैलसिंह जाति गुर्जर निवासी डॉक्टर वीना गोयल नृसिंह होम रोड धौलपुर

––––––––––––––––प्रार्थीगण

बनाम

7. तहसीलदार धौलपुर वहैसियत लैण्ड होल्डर

–––––––––––– अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अधीन धारा 129 भू–राजस्व अधिनियम

उपस्थितिः–

1. श्री योगेश कुमार शर्मा एडवोकेट प्रार्थीगण की ओर से

दिनांकः–10.03.2025

निर्णय

यह प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण की ओर से इस आशय का पेश किया कि प्रार्थीगण आरारजी खसरा नम्बर 1027 / 2 रकवा 1.0116 वाके ग्राम महमदपुर पटवार हल्का कस्वा धौलपुर नं0 03 तहसील व जिला धौलपुर के अभिलिखित खातेदार काश्तकार है तथा राजस्व रिकॉर्ड में व मौके पर काबिज काश्त है। प्रार्थीगण ने दिनांक 17.06.2024 को ख.नं. 1027 / 2 रकवा 1.0116 वाके ग्राम महमदपुर की विधिवत् रूप से अन्य लोगो की मौजूदगी में पैमाईश जरिए तहसीलदार धौलपुर करवाई थी तथा सीमाओं पर मुस्तकिल निशानात कायम करवाए थे, जो आज भी मौजूद है। प्रार्थीगण आवारा पशुओं से फसल की सुरक्षा हेतु पत्थरगढी कराना चाहता है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर आराजी ख.नं. 1027 / 2 वाके ग्राम महमदपुर की मुताबिक पैमाईश रिपोर्ट पत्थरगढी करवाई जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार धौलपुर से रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार धौलपुर ने उनकी रिपोर्ट दिनांक 24.12.2024 में आराजी ख.नं. 1027 / 2 वाके ग्राम महमदपुर का सीमाज्ञान दिनांक 17.06.2024 को किया जाना स्वीकार करते हुए वर्तमान में फसल खडी होने के कारण माह अप्रेल / मई में पुलिस की मौजूदगी में पत्थरगढी कराना उचित बताया है।

उपखण्डाधिकारी
धौलपुर (राज0)

वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए खसरा नम्बर 1027/2 वाके ग्राम महमदपुर तहसील व जिला धौलपुर की पत्थरगढी करवाऐ जाने का कथन किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में जमाबन्दी संवत् 2076–2079 सीमाज्ञान मौका पर्चा दिनांक 17.06.2024 की प्रति पेश की।

वकील वादी को सुनने एंव पत्रावली का अवलोकन करने उपरान्त प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण तहसीलदार धौलपुर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर आराजी खसरा नम्बर 1027/2 वाके ग्राम महमदपुर तहसील व जिला धौलपुर की नियमानुसार पत्थरगढी कराये जाने के आदेश दिए जाते है। तहसीलदार धौलपुर को परवाना जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10.03.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया।

(डॉ0 साधना शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी धौलपुर